श्री शाहनवाज खां : जी नहीं बनेगी।

†**श्री ब० द० पांडे** : क्या सरकार ने इस बारे में विचार किया है कि नीती पास को तकलाकोट से मिलाकर भारतीय सड़कों को चीन की सड़कों से मिलाना वांछनीय होगा या नहीं, क्योंकि बाद में इस से खतरा भी पैदा हो सकता है !

श्री शाहनवाज खां : जहां तक ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री का ताल्लुक है, कोई ऐसा विचार नहीं किया गया है।

श्री ब० द० पांडे : क्या सरकार को यह मालूम है कि उस तरफ तिब्बत वालों ने सड़कें हमारे बौर्डर तक बना ली हैं, इस वास्ते हमारे लिए भी यह लाजिम हो जाता है कि हम भी वहां तक अपनी सड़कें बनायें?

रेलवे तथा परिवहन मंत्री (श्री जगजीवन राम) : जवाब दिया जा चुका है।

राजमाता कमलेन्दुमति शाह : क्या सरकार इन सड़कों को बनाने के कार्य को द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत लाना तथा पूरा करना जरूरी नहीं समझती है?

श्री शाहनवाज खां : जहां तक मिनिस्ट्री आफ ट्रांस्पोर्ट का ताल्लुक है उसने कोई २० करोड़ रुपया सूबों की सड़कें बनाने के लिए मंजूर किया है। इसमें से दो करोड़ से कुछ ऊपर रुपया उत्तर-प्रदेश को दिया गया है। अब वहां पर वहां कि सरकार कौन कौन सी सड़कें बनाना चाहती है, इसका फैसला करना उत्तर प्रदेश की सरकार का काम है।

---

†मूल अंग्रेजी में

नागार्जुन सागर परियोजना

†*१४. **श्री रामचन्द्र रेड्डी** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आंध्र प्रदेश में कावेली और कानूपुर नहरों का निर्माण किस अवस्था तक पहुंच चुका है; और

(ख) क्या नागार्जुन-सागर के १९५७–५८ के आय-व्ययक में उक्त नहरों के लिये कोई आवंटन करने का विचार है?

†**सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी)** : (क) नागार्जुन सागर परियोजना के प्रथम क्रम के अन्तर्गत दाहिने किनारे की नहर को १३५ वें मील तक पूरा करने का विचार है। कानूपुर और कावेली नहरें पेन्नर नदी के 'संगम बांध' से निकलती हैं। इस बात को देखते हुए कि प्रथम क्रम में दाहिने किनारे की नहर को २७६ वें मील पर मोड़ कर पेन्नर नदी में डालने की कोई योजना नहीं है, कानूपुर और कावेली नहरों को नागार्जुन सागर परियोजना के प्रथम क्रम के अन्तर्गत लाने का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

†**श्री रामचन्द्र रेड्डी** : क्या इस विषय में आंध्र प्रदेश सरकार और नागार्जुन सागर नियंत्रण बोर्ड से परामर्श किया गया है? उन्होंने केन्द्रीय सरकार को क्या राय दी है?

†**श्री हाथी** : नागार्जुन सागर नियंत्रण बोर्ड ने इस मामले पर अक्तूबर, १९५६ में विचार किया था। पहले यह विचार किया गया कि के० सी० नहर इस नहर को पर्याप्त पानी दे सकेगी, परन्तु अब देखा गया है कि इस नहर से फालतू पानी लेना सम्भव न होगा और वे इस राय से सहमत हो गये हैं।

†**श्री रामचन्द्र रेड्डी** : क्या नागार्जुन सागर परियोजना के पूरे होने से पूर्व ही इन लोगों की सहायता करने के विचार से इन दोनों नहरों को नागार्जुन सागर परियोजना से अलग करके इनका अलग निर्माण करना सम्भव नहीं है?

†**श्री हाथी** : इसे एक अलग परियोजना समझ कर कार्यान्वित करना सम्भव है। मानसून में नहर के पानी से लगभग ३९००० एकड़ भूमि की सिंचाई की जा सकती है। सरकार से कहा गया है कि इसे एक अलग परियोजना समझा जाये और उन्हें जो धन दिया गया है उसी में से खर्च किया जाये।

†**श्री रामचन्द्र रेड्डी** : इस विषय में आंध्र प्रदेश सरकार से उन्हें कब तक उत्तर मिलने की आशा है।

†**श्री हाथी** : हमने राज्य सरकार को लिख दिया है; परन्तु उत्तर कब मिलेगा इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता।

†**श्री ब० स० मूर्त्ति** : : क्या इस आरोप में कोई तथ्य है कि नहर के द्वितीय क्रम में बड़े परिवर्तन होंगे और सरकार इस पर तुरन्त कार्यवाही नहीं कर रही है।

†**श्री हाथी** : किसी परिवर्तन का तो प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता क्योंकि इस समय परियोजना १३५ मील तक है और यह भाग २३६ मील पर है। इसलिये परिवर्तन का कोई प्रश्न नहीं है।

---

†मूल अंग्रेजी में

†**डा० रामा राव** : क्या मैं माननीय मंत्री के उत्तर से यह समझूं कि केन्द्रीय सरकार इस हिस्से को एक अलग परियोजना मानने के लिये तैयार है?

†**श्री हाथी** : यह तीन सरकारों पर निर्भर करता है। पहले उन्होंने सुझाव दिया कि इसे परियोजना के प्रथम क्रम का ही अंग माना जाये। यह सम्भव नहीं था क्योंकि फालतू पानी उपलब्ध नहीं था और परियोजना का प्रथम क्रम केवल १३५ मील तक था। यदि वे इसे अलग परियोजना मानना चाहते हैं तो केन्द्रीय सरकार बाद में इस पर विचार करेगी।

†**श्री सें० वें० रामस्वामी** : क्या नहरों का निर्माण केवल सिंचाई के प्रयोजन से किया जायेगा या कि इनका प्रयोग अन्र्देशीय जल नौवहन के लिये भी होगा?

†**श्री हाथी** : अभी तो केवल सिंचाई का ही विचार है।

चीनी का निर्यात

†*१६. **श्री विश्वनाथ राय** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या किसी देश ने हाल ही में भारत से भारतीय चीनी खरीदने की मांग की है?

†**खाद्य उपमंत्री (श्री मो० वें० कृष्णप्पा)** : हां, श्रीमान, भारतीय चीनी खरीदने के लिये योरुप, पश्चिमी और पूर्वी एशिया के कई देशों ने पूछताछ की है। फारस की खाड़ी के पत्तनों, श्रीलंका बर्मा, मलाया और ब्रिटेन के पास भारतीय चीनी बेची गई है।

†**श्री विश्वनाथ राय** : क्या भारत इस अवस्था में है कि वह चीनी के भाव के बारे में अन्य चीनी उत्पादक देशों से प्रतिस्पर्धा कर सके?

†**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री अ० प्र० जैन)** : जी हां, इस समय हम संसार में चीनी के वर्तमान भाव पर चीनी का निर्यात कर रहे हैं और हमें लाभ भी हो रहा है।

†**श्री विश्वनाथ राय** : क्या इस बात को देखते हुए कि भारत के पास चीनी फालतू है और इस वर्ष फालतू चीनी का निर्यात भी हुआ है क्या चीनी का भाव कम किया जायेगा?

†**श्री अ० प्र० जैन** : बाजार के भावों में कमी बेशी का अनुमान लगाना मेरे लिये सम्भव नहीं है। परन्तु मैं अनुभव करता हूं कि भारत कुछ चीनी निर्यात कर सकता है। इस प्रश्न पर विशेषतया हमारी विदेश विनिमय प्राप्त करने की आवश्यकता के दृष्टिकोण से विचार किया जाना है।

†**श्री दी० चं० शर्मा** : चीनी के निर्यात के लिये सरकार ने किस अभिकरण को नियुक्त किया है और क्या वह अभिकरण कुशलता से कार्य कर रहा है?

†**श्री अ० प्र० जैन** : इस समय चीनी का निर्यात भारतीय चीनी मिल सन्था के द्वारा किया जा रहा है। वास्तव में भारतीय चीनी का निर्यात संसार में प्रचलित भाव पर नहीं किया जा सकता क्योंकि यहां उत्पादन व्यय अधिक है। जब यह योजना आरम्भ की गई तो हमारा विचार था कि हमें घाटा होगा। बाद में स्वेज नहर के बन्द हो जाने और योरुप में गेहूं की फसल खराब हो जाने और विश्व के कुछ अन्य भागों में गन्ने की फसल खराब होने के कारण भाव बढ़ गये। भारतीय चीनी मिल सन्था से कहा गया है कि जो लाभ हो उसे जमा रखा जाये ताकि बाद में जब चीनी का निर्यात लाभप्रद न हो तो इस धन को चीनी के निर्यात के लिये प्रयोग में लाया जाये।

†**श्री हेडा** : अब तक कितने टन चीनी का निर्यात किया गया है और कुल कितने टन चीनी का निर्यात करने का लक्ष्य है?

---

†मूल अंग्रेजी में

†**श्री अ० प्र० जैन** : ४६,००० टन चीनी निर्यात करने का वायदा किया जा चुका है। इस समय हमारा एक लाख टन चीनी निर्यात करने का विचार है। बाद में परिस्थितियों को देखते हुए यदि सम्भव हुआ तो हम अधिक निर्यात की अनुमति दे देंगे।

†**श्री जोकीम आल्वा** : क्या सरकार चीनी के निर्यात के लिये एक राज्य व्यापार निगम स्थापित करने, जैसा कि अन्य क्षेत्रों में किया गया है, का विचार कर रही है या कि वह भारतीय चीनी मिल सन्था की चीनी का निर्यात करने और उस से खूब लाभ पैदा करने की अनुज्ञा दिये रखेगी।

†**श्री अ० प्र० जैन** : मेरे विचार से राज्य अथवा निर्यात व्यापार निगम अथवा इस प्रकार की संस्था की स्थापना का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता। अभी हम वर्तमान मशीनरी को ही जारी रखना चाहते हैं जो काफी कार्य कुशल है और वह लाभ पैदा नहीं कर रही है।

†**डा० रामा राव** : इस बात को देखते हुए कि हम चीनी के लिये अन्य मंडियां ढूंढ रहे हैं, क्या सरकार चीनी के उत्पादन को और बढ़ाना चाहती है ?

†**श्री अ० प्र० जैन** : हम ने प्रतिवर्ष १० लाख टन चीनी का उत्पादन बढ़ाने का निश्चय किया है और अभी हम इसी कार्यक्रम के अनुसार कार्य करना चाहते हैं। बाद में हम इसे और बढ़ाने क बारे में विचार करेंगे। इस प्रश्न पर इस विशेष दृष्टिकोण से विचार किया जाना है कि हम चीनी के उत्पादन के लिये सारी मशीनें नहीं बना रहे हैं। आशा है कि दो वर्ष के समय में हम उन मशीनों का काफी भाग तैयार कर लेंगे। विदेश विनिमय की कठिनाइयों के कारण हमें उत्पादन बढ़ाने के कार्यक्रम में कुछ कमी करनी पड़ेगी।

†**श्री ब० द० पांडे** : किन किन देशों को चीनी का निर्यात किया जाता है?

†**श्री अ० प्र० जैन** : प्रश्न के उत्तर में उनके नाम बताये गये हैं। मैं उन्हें दोहरा देता हूं वे फारस की खाड़ी के पत्तन, श्रीलंका, बर्मा, मलाया और ब्रिटेन हैं।

†**श्री रामचन्द्र रेड्डी** : संसार में प्रचलित भाव और भारत में चीनी के भाव में कितना अन्तर है और सरकार को एक लाख टन चीनी का निर्यात करने से कितना लाभ होगा?

†**श्री अ० प्र० जैन** : विक्रय मूल्य भारतीय पत्तन पर लगभग ५६/२ पाऊंड प्रति "लॉंग टन" नौतल पर्यन्त निःशुल्क है, जिससे लगभग २/१७ पाऊंड प्रति टन लाभ होगा। ४६००० टन पर १७.४ लाख रुपये लाभ का अनुमान है।

†**श्री विश्वनाथ राय** : क्या फालतू चीनी की वर्तमान स्थिति को देखते हुए भारत में चीनी का भाव घटाया जायेगा।

†**श्री अ० प्र० जैन**: चीनी के विपणन पर कोई नियंत्रण नहीं है और मैं ऐसा कोई आश्वासन नहीं दे सकता।

बुदेमेरु जलाशय

†*१७. **डा० रामा राव** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बुदेमेरु जलाशय योजना सम्बन्धी निर्माण कार्य में अब तक कितनी प्रगति हुई है,

(ख) (१) काटकर निकाली गयी नहर, (२) कोल्लेरु झील से पानी की निकासी के स्थान को गहरा और चौड़ा करने और (३) तम्मिलेरु में सहायक जलाशय के सम्बन्ध में अभी कितना कार्य हुआ है;

---

†मूल अंग्रेजी में

(ग) यदि सम्पूर्ण निर्माण-कार्य को पूरा कर दिया जाये तो औसतन कितनी एकड़ भूमि जलमग्न होने से बच सकेगी: और

(घ) सम्पूर्ण योजना के पूरे होने के बाद कितने एकड़ अतिरिक्त भूमि की सिंचाई की जा सकेगी?

† **सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी)** : (क) बुदेमेरु जलाशय योजना के अन्तर्गत अभी तक कुछ भी कार्य नहीं किया गया है।

(ख) से (घ) बुदेमेरु की विशाखन योजना[1] में ५३० लाख घन फीट मिट्टी हटायी जानी है; जिसमें से जनवरी १९५७ के अन्त तक १८० लाख घन फीट के सम्बन्ध में कार्य किया जा चुका है। इस योजना के पूरे होने पर बुदेमेरु में ३,५०० एकड़ के क्षेत्र को बाढ़ से बचाया जा सकेगा और १३,००० एकड़ के क्षेत्र की सिंचाई की जा सकेगी। कोल्लेरु झील से पानी की निकासी के स्थान को गहरा और चौड़ा करने तथा तम्मिलेरु के सहायक जलाशय संबंधी योजनायें अभी राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुई हैं।

† **डॉ० रामा राव** : बुदेमेरु जलाशय संबंधी विवाद इस समय किस स्थिति में है?

† **श्री हाथी** : यह विवाद जैसा कि माननीय सदस्य को ज्ञात है, यह था कि यदि उस स्थान पर इस बांध का निर्माण किया जाता तो उपजाऊ भूमि जलमग्न हो जाती। केन्द्रीय जल-शक्ति आयोग[2] ने इसके लिये एक दूसरे स्थान का सुझाव दिया है। दूसरा विवाद यह था कि विशाखन योजना से लगभग तीन चौथाई क्षेत्र को लाभ होगा और दूसरी योजना पर जो व्यय किया जायेगा वह सम्भवतया उससे होने वाले लाभ के अनुरूप नहीं होगा।

अनेक प्रविधिक प्रश्न उठाये गये थे जिनका केन्द्रीय जल-शक्ति आयोग ने स्पष्टीकरण कर दिया है। राज्य सरकार इस बात पर विचार कर रही है।

† **डा० रामा राव** : मंत्री महोदय ने कुछ समय पूर्व हमें यह बताया था कि केन्द्रीय सरकार की यह निश्चित राय है कि यह बुदेमेरु जलाशय अत्यावश्यक है और इससे उद्देश्य भी पूरा हो जायेगा। अब कार्य शुरू कर देने में क्या कठिनाई है?

† **श्री हाथी** : जैसा कि माननीय सदस्य को ज्ञात है, जब मंत्री महोदय संबंधित राज्य के सदस्यों से मिले थे, उस समय केन्द्रीय जलशक्ति आयोग ने कहा था कि ये योजनाओं सुकर और ठोस हैं। परन्तु राज्य सरकार ने यह उत्तर दिया कि विशाखन योजना से केवल लगभग तीन चौथाई क्षेत्र का काम होगा और बेहतर यह होगा कि यदि कोल्लेरु के लिये एक व्यापक योजना शुरू की जाये तो उस क्षेत्र को अधिक लाभ होगा। अब केन्द्रीय जलशक्ति आयोग ने कुछ प्रविधिक बातें और स्पष्टीकरण सुझाये हैं जिन पर राज्य सरकार विचार कर रही है। जब तक हमें उत्तर न प्राप्त हो जाये, कोई निश्चय नहीं किया जा सकता।

वणिक पोत नाविक स्कूल

†*१९. **श्री मात्तन** : क्या **परिवहन** मंत्री ३ दिसम्बर, १९५६ के तारांकित प्रश्न संख्या ७३८ के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि कोचीन में वणिक पोत के नाविकों के जिस स्कूल को शुरू करने का प्रस्ताव किया गया था, वह कब से काम शुरू कर देगा?

† **रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : इस योजना का ब्योरा अभी विचाराधीन ही है। और अब तक कोई निर्णय नहीं किया गया है।

---

[1]Diversion Scheme.

† मूल अंग्रेजी में

[2]. C.W.P.C.—Central Water Power Commission.

† **श्री मात्तन** : क्या माननीय मंत्री को श्री लाल बहादुर शास्त्री द्वारा कुछ मास पूर्व की गयी इस घोषणा का, कि वणिक पोत नाविको के प्रशिक्षण के लिये कोचीन में एक स्कूल खोला जायेगा, पता है और क्या वह जानते हैं कि इससे लोगों को कितनी आशायें बंधी थीं और इसे शुरू करने में हुई देरी की क्या प्रतिक्रिया हुई है?

† **रेलवे तथा परिवहन मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : इस पूरे प्रश्न पर विचार किया जा रहा है और नौवहन के महानिदेशक से अपनी सिफारिशें भेजने के लिये कहा गया है। इस समय नाविकों के प्रशिक्षण के लिये हमारे यहां तीन संस्थायें हैं और इन तीनों संस्थाओं द्वारा जो नाविक तैयार किये जाते हैं वे मौजूदा काम के लिये काफी हैं। प्रशिक्षण की सुविधाओं को बढ़ा कर दूना कर देने की हमारे पास कोई व्यवस्था नहीं है और इस प्रश्न की अभी जांच की जा रही है कि क्या कोचीन उपयुक्त स्थान होगा।

† **श्री मात्तन** : इसका अर्थ क्या मैं यह समझूं कि लाल बहादुर शास्त्री द्वारा की गयी घोषणा से मुकरा जा रहा है?

† **श्री जगजीवन राम** : कतई नहीं।

†**श्री जोकीम आल्वा** : वणिक पोत नाविकों के स्कूल खोलने की योजना तैयार करते समय क्या सरकार पश्चिमी तटीय प्रदेश की इस विशेषता का ध्यान रखती है कि करवार, भटकलकुन्टे, मालपे और मंगलौर के, जो मछली पकड़ने के महत्वपूर्ण केन्द्र हैं, मैट्रिक तक पढ़े मछुये लड़कों के लिये अतिरिक्त कार्य का कोई जरिया ही नहीं है।

†**श्री जगजीवन राम** : सभी बातों पर विचार किया जाता है।

†**श्री मात्तन** : क्या मंत्री महोदय को पता है कि केरल सरकार ने इस स्कूल के लिये कम से कम १ लाख रुपये का अंशदान देने का प्रस्ताव किया है?

†**श्री जगजीवन राम** : मुझे व्यक्तिगत रूप से तो यह बात पता नहीं, परन्तु, जैसा मैंने कहा है, इस पूरे प्रश्न के सभी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है और माननीय सदस्य को यह आशंका नहीं होनी चाहिये कि यह योजना रद्द कर दी गयी है।

बीकानेर से अजमेर के लिये सीधा डिब्बा

†*२०. **श्री कर्णी सिंह जी** : क्या रेलवे मंत्री वर्त्तमान यातायात को, जिसके अजमेर के राजस्थान में विलय के फलस्वरूप और भी बढ़ने की संभावना है, ध्यान में रखते हुये नियमित ट्रेन सर्विसों में बीकानेर से सीधे अजमेर तक जाने वाला सवारी डिब्बा लगाने के व्यावहारिक पहलू पर विचार करने की कृपा करेंगे?

†**रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : इस प्रश्न पर विचार किया जा चुका है परन्तु यातायात अभी इतना नहीं है कि सीधे डिब्बे का लगाना उचित कहा जा सके।

†**श्री कर्णी सिंह जी** : यदि आगे चलकर यातायात बढ़ने पर इसकी आवश्यकता पड़ी तो क्या इस प्रश्न पर विचार किया जायेगा?

---

†मूल अंग्रेजी में।

†**रेलवे तथा परिवहन मंत्री (श्री जगजीवन राम)**: मैं नहीं समझता कि हम इसकी आशा दिला सकते हैं। इस समय हमारे पास डिब्बों की बड़ी कमी है और एक स्थान से सीधे दूसरे स्थान तक जाने वाले डिब्बों का प्रबन्ध करने से पहले हमारा पहले उद्देश्य यह है कि अत्यधिक भीड़भाड़ को कम किया जाये।

श्री प० ला० बारूपाल : क्या मैं जान सकता हूं कि श्री गंगानगर से वाया हनुमानगढ़ और सादूलपुर जयपुर के लिये सीधा डिब्बा लगाने के लिये स्थानीय जनता की कोई मांग आयी है?

श्री शाहनवाज खां : यह दूसरा सवाल है। अगर आनरेबल मेम्बर अलग सवाल पूछेंगे तो उनका उसका जवाब मिलेगा।

औषधि परामर्शदातृ समिति[१]

†*२१. **श्रीमती जयश्री** : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि औषधि परामर्शदातृ समिति ने, जिसकी बैठक ७ मार्च, १९५७ को नई दिल्ली में हुई थी, क्या सुझाव दिये हैं?

†**स्वास्थ्य उपमंत्री (श्रीमती चन्द्रशेखर)** : औषधि परामर्शदातृ समिति ने ७ और ८ मार्च, १९५७ को हुई अपनी बैठकों में औषधि अधिनियम, १९४० के प्रशासन में एक रूपता लाने से संबंधित अनेक विषयों पर विचार किया था। बैठकों के कार्यवाही सारांश, जिनकी सदस्यों द्वारा पुष्टि की जानी है, अभी प्राप्त नहीं हुए हैं।

†**श्रीमती जयश्री** : क्या इस अधिनियम के उचित प्रशासन के लिये समिति ने वर्तमान अधिनियम में कुछ संशोधन करने का सुझाव दिया है?

†**श्रीमती चन्द्रशेखर** : क्योंकि विचार-विमर्श केवल सरकारी स्तर पर हुआ था इसलिये उसकी सिफारिशों को प्रगट करना जन-हित में नहीं है।

सोराब-शिकारीपुर (मैसूर राज्य) में सामुदायिक परियोजना

†*२२. **श्री वोडयार** : क्या **सामुदायिक विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सोराब-शिकारीपुर (मैसूर राज्य) में सामुदायिक परियोजना में फरवरी, १९५७ के अन्त तक कुल कितना व्यय हुआ है;

(ख) परियोजना का संस्थापन संबंधी व्यय कितना है; और

(ग) भारत की अन्य परियोजनाओं पर इस प्रकार का कितना संस्थापन व्यय हुआ है?

†**सामुदायिक विकास मंत्री (श्री सु० कु० डे)** : (क) ३० सितम्बर, १९५६ तक, जिस समय तक की कि सूचना उपलब्ध है, सरकार के ५१.३५ लाख रुपये व्यय हुए हैं।

(ख) ८.६ लाख रुपये।

(ग) १९५२–५३ में स्थापित की गयी परियोजनाओं में संस्थापन संबंधी व्यय औसतन ७.३ लाख रुपये आता है।

†**श्री वोडयार** : क्या सरकार यह बता सकती है कि कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूरा हो जायेगा या नहीं?

---

१. Drugs Consultative Committee.

† मूल अंग्रेजी में

†**श्री सु० कु० डे** : इस के पूरे हो जाने की संभावना है।

†**श्री वोडयार** : क्या कार्य को पूरा करने के निर्धारित अवधि को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव आया है ?

†**श्री सु० कु० डे** : मुझे तो मालूम नहीं है।

†**श्री जोकीम आल्वा** : क्योंकि प्रश्न करने वाले सदस्य आधे शिमोगा जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं और आधे का प्रतिनिधि मैं हूं, इसलिए क्या मैं यह जान सकता हूं कि शिमोगा जिले की सामुदायिक परियोजनाओं के लिये अनुदान देते समय क्या सरकार, सोहराब और सागर समेत जिले के सभी भागों का ध्यान रखती है ?

†**श्री सु० कु० डे** : हम सम्पूर्ण योजना का, वह चाहे जहां भी हो, ध्यान रखते हैं।

†**श्री तिम्मय्या** : क्या द्वितीय पंचवर्षीय योजना में नये मैसूर राज्य में भी सामुदायिक परियोजना योजनायें लागू करने का कोई प्रस्ताव है, और यदि हां तो ये योजनायें कितनी हैं ?

†**श्री सु० कु० डे०** : जो निर्णय किया गया है उसके अनुसार द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अन्त तक राष्ट्रीय विस्तार सेवाओं के सम्पूर्ण देश में और सामुदायिक विकास परियोजनाओं के उसके ४० प्रतिशत भाग में फैला दिये जाने की आशा है।

नलकूप

†*२३. **श्री कृष्णाचार्य जोशी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 'अधिक अन्न उपजाओ' सहायता के अधीन वर्ष १९५४–५५ में पंजाब और उत्तर प्रदेश राज्यों में ७०० अतिरिक्त नलकूप लगाने का जो कार्य शुरू किया गया था क्या वह पूरा हो चुका है ?

†**खाद्य उपमंत्री (श्री मो० वें० कृष्णप्पा)** : अभी नहीं। कुल ५५५ नलकूप लगाये गये हैं। इनमें से ४१७ उत्तर प्रदेश में हैं और १३८ पंजाब म।

†**श्री कृष्णाचार्य जोशी** : इस योजना के अनुसार एक नलकूप से कुल कितने एकड़ भूमि की सिंचाई का अनुमान लगाया गया था और अब इस अनुमान के कहां तक पूरे होने की संभावना है ?

†**श्री मो० वें० कृष्णप्पा** : लगभग ३०० से ४०० एकड़ की। यह नलकूप की क्षमता और भूमिगत पानी की मात्रा पर निर्भर है।

†**श्री कृष्णाचार्य जोशी** : इस समय उत्तर प्रदेश में कुल कितने एकड़ भूमि की सिंचाई की जाती है ?

†**श्री मो० वें० कृष्णप्पा** : यह तो बिल्कुल ही अलग प्रश्न है।

†**श्रीमती रेणु चक्रवर्ती** : "अधिक अन्न उपजाओ" सहायता के अधीन क्या भारत के सभी राज्यों के लिये नलकूप मंजूर किये गये हैं अथवा विशेष रूप से केवल पंजाब और उत्तर प्रदेश के लिये ही मंजूर किये गये हैं।

†**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री अ० प्र० जैन)** : ये नलकूप "सिद्धस्थानों"[1], अर्थात्, जहां इनके सफल होने की संभावना होती है, के लिये मंजूर किये जाते हैं। अनुभव ने यह दिखा दिया है कि ये सफल होंगे।

---

[1] Proved Stations.

† मूल अंग्रेजी में

†**श्रीमती रेणु चक्रवर्ती** : क्या इस प्रकार के नलकूप पश्चिमी बंगाल राज्य में असफल रहे हैं ?

†**श्री अ० प्र० जैन** : वह 'सिद्ध क्षेत्रों' में से नहीं है ।

राजमाता कमलेन्दुमति शाह : क्या मैं जान सकती हूं कि जहां पर ट्यूबवैल (नलकूप) नहीं बन सकते, ऐसे पहाड़ी स्थानों के वास्ते इस संबंध में क्या किया जाने वाला है ?

श्री अ० प्र० जैन : वहां पर रिजर्वायर (जलाशय) बन सकते हैं, कोई गूल बन सकता है और सिंचाई के जो बहुत से तरीके हो सकते हैं वह किये जा सकते हैं ।

†**श्री तिम्मय्या** : वे कौन-कौन से राज्य हैं जिनमें इन नलकूपों का निर्माण करना संभव नहीं है ?

†**श्री मो० वें० कृष्णप्पा** : कहा जाता है कि भूतत्वीय सर्वेक्षण से यह पता चला है कि दक्षिणी पठार के मैसूर और हैदराबाद में नलकूप सफल नहीं होते ।

श्री प० ला० बारूपाल : क्या मैं जान सकता हूं कि राजस्थान में, जहां खारी पानी है, वहां लोगों को मीठा पानी देने के लिये सरकार की कोई योजना है ?

श्री मो० वें० कृष्णप्पा : यह सवाल पीने के पानी का नहीं है, इरिगेशन (सिंचाई) का है ।

द्वितीय पंचवर्षीय योजना

†*२४. **श्री रामचन्द्र रेड्डी** : क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलों द्वारा परिवहन और संचार-साधनों की अपर्याप्तता के कारण द्वितीय पंच-वर्षीय योजना में सम्मिलित किये गये औद्योगिक विकास कार्यक्रम को कम किया गया है अथवा उसकी गति धीमी की गयी है ;

(ख) क्या विश्व की स्थिति ने उस कार्यक्रम को धक्का पहुचाया है ; और

(ग) यदि हां, तो किस सीमा तक ?

†**सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी)** : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) इस समय यह तो नहीं कहा जा सकता है कि ऐसा काफी हद तक हुआ है ।

कलकत्ते में रेलवे के रुपयों का गायब होना

†*२६. **श्री विश्वनाथ राय** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह सच है कि गत दिसम्बर में कलकत्ते में रेलवे की तिजोरी से एक बड़ी रकम गायब हो गयी थी ?

†**रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : जी हां ।

†**श्री विश्वनाथ राय** : कुल कितने रुपये खोये थे ?

†**श्री शाहनवाज खां** : ४६,४८२ रुपये २ आने ।

†मूल अंग्रेजी में

†**श्री विश्वनाथ राय :** क्या इस धन के गायब होने के लिये जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की गयी है ?

†**श्री शाहनवाज खां :** कुछ व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं और पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है।

†**श्री ब० स० मूर्त्ति :** क्या इन गिरफ्तारियों के बाद कुछ रुपया बरामद हुआ है ?

†**श्री शाहनवाज खां :** अभी तो हमें पता नहीं है।

डीजल इंजनों से रेलें चलाना

†*२७. **श्री मात्तन :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कोयले की ढुलाई के अत्यधिक खर्च और वहां की घनी आबादी को ध्यान में रखते हुये केरल राज्य से होकर गुजरने वाली रेलगाड़ियों को डीज़ल इजनों से चलाना आरम्भ करने की वांछनीयता पर विचार किया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या चालू वर्ष के दौरान में इन लाइनों के लिये कुछ डीज़ल इंजन दिये जायेंगे ?

†**रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) :** (क) और (ख) केरल राज्य में होकर गुजरने वाली रेल गाड़ियों को डीजल इजनों से चलाने का अभी कोई प्रस्ताव नहीं है। परन्तु, बिजली से गाड़ियां चलाना आरम्भ करने की भूमिका के रूप में उन सैक्शनों पर, जहां यातायात बहुत ज्यादा है, मेन लाइनों पर मालगाड़ियां चलाने के लिये १०० डीजल इंजन मंगाये जा रहे हैं। इस तरह के इंजनों का अनुभव जैसे जैसे बढ़ता जायेगा वैसे वैसे अन्य सैक्शनों पर भी इनका प्रयोग बढाया जायेगा, जहां इनसे अच्छा फल प्राप्त होने की आशा है।

†**श्री मात्तन :** कोयला खानों पर और त्रावनकोर-कोचीन अथवा केरल राज्य में कोयले का मूल्य कितना है और ब्रिटेन की तुलना में यहां कोयले की ढुलाई का खर्च कितना बैठता है ?

†**श्री शाहनवाज खां :** इसके लिये मुझे सूचना चाहिये।

†**रेलवे तथा परिवहन मंत्री (श्री जगजीवन राम) :** परन्तु डीज़ल इंजनों से गाड़ी चलाना सिर्फ ईंधन के मूल्य पर ही निर्भर नहीं है। जैसा कि उपमंत्री ने कहा है, जहां यातायात अधिक होता है, वहां हम डीज़ल इंजन चला देते हैं।

†**श्री मात्तन :** वह बहुत ही घनी बसी जगह है। स्टेशन एक दूसरे चार या पांच मील की दूरी पर ही स्थित हैं। भाप से चलने वाले इंजनों की अपनी अलग सीमायें होती है। क्या मंत्री महोदय यह अनुभव करते हैं कि उस क्षेत्र में भाप से चलने वाले इंजनों के स्थान पर दूसरे प्रकार के इंजनों को चलाना इसलिये और भी जरूरी है कि वहां पर गर्मियों में पानी की भी कमी पड़ जाती है ?

†**श्री शाहनवाज खां :** फिलहाल तो ऐसा कोई इरादा नहीं है।

†**श्री मात्तन :** क्या मंत्री महोदय को यह पता है कि जिस समय क्विलोन और एरणाकुलम को मिलाने वाली नई लाइन की घोषणा की गयी थी, वह इसी लिये थे क्योंकि निकट थी बिजली बहुतायत से प्राप्त थी ? भूतपूर्व मंत्री महोदय ने यह वादा किया था कि इस लाइन पर बिजली

† मूल अंग्रेजी में

से गाड़ियां चलाई जायेंगी । वहां की विशेष प्रकार की स्थिति, अर्थात्, घनी आबादी, स्टेशनों के पास पास रहने आदि का ध्यान रखते हुए क्या मंत्री महोदय उस लाइन पर बिजली से गाड़ियां चलाने के प्रश्न पर विचार करने के लिये तैयार हैं।

†**श्री जगजीवन राम** : मेरा ख्याल है कि अभी तो उस क्षेत्र में बिजली से गाड़ियां चलाने का कोई प्रस्ताव नहीं है और मैं समझता हूं कि द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में भी यह संभव नहीं होगा।

सोमशील परियोजना

†*२८. **श्री रामचन्द्र रेड्डी** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री १२ सितम्बर, १९५६ को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या २०५७ के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आंध्र प्रदेश में सोमशील परियोजना के डिजाइन को फिर से बनाने और तत्सम्बन्धी प्राक्कलन को कम करने के लिये कोई प्रयत्न किया गया था ; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम हुआ है ?

†**सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी)** : (क) जी हां।

(ख) परियोजना की लागत १६ करोड़ ५६ लाख रुपये से घटाकर ८ करोड़ ५३ लाख रुपये कर दी गई है ।

†**श्री रामचन्द्र रेड्डी** : क्या इस मामले में आंध्र प्रदेश राज्य से परामर्श किया गया है और क्या उक्त राज्य ने इस कार्य को सम्पन्न कराने में रुचि प्रदर्शित की है ?

†**श्री हाथी** : मितव्यता की दृष्टि से केन्द्रीय जल विद्युत आयोग ने कुछ परिवर्तन का सुझाव दिया है और उन्हें राज्य सरकार के पास भेज दिया गया है । वे योजना के विस्तृत रूप पर विचार कर रहे हैं।

†**श्री रामचन्द्र रेड्डी** : क्या यह सच नहीं है कि यदि यह परियोजना आरम्भ कर दी गई तो कावेली और कानुपुर नहरें भी इसके अन्तर्गत आ जायेंगी ?

†**श्री हाथी** : उन्हें आरम्भ किया जा सकता है किन्तु पेन्नार के साथ भी इन्हें लिया जा सकता है । यह प्रश्न नहरें खोदने और पानी निकालने से संबंधित है। यह कार्य योजना से अलग भी किया जा सकता है ।

†**श्री ब० स० मूर्त्ति** : क्या प्राक्कलन में कमी करने से लाभ पहुँचने वाले क्षेत्र में कमी नहीं होगी ?

†**श्री हाथी** : इस क्षेत्र में कमी नहीं की जा सकती है । केवल डिजाइनों में परिवर्तन किया गया है । बांध की लम्बाई में परिवर्तन किया गया है ।

तुंगभद्रा परियोजना

†*२९. **श्री कृष्णाचार्य जोशी** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या योजना आयोग ने तुंगभद्रा परियोजना के अन्तर्गत विकास कार्यों के लिये कोई रकम नियत की है; और

(ख) मुख्य मुख्य विकास कार्य कौन से आरम्भ किये गये हैं ?

---

†मूल अंग्रेजी में

सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी): (क) जी हां। मैसूर राज्य के तुंगभद्रा परियोजना क्षेत्र में द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत विकास कार्यों पर २३७.५ लाख रुपये का उपबन्ध किया गया है। चूंकि आंध्र क्षेत्र की विकास संबंधी विभिन्न योजनाएँ विभिन्न परिमंडलों में विलीन हो गई हैं उक्त राज्य में तुंगभद्रा परियोजना क्षेत्र में विकास कार्यों के लिये द्वितीय पंचवर्षीय योजना में कोई विशिष्ट एवं पृथक् राशि नहीं बताई गई है।

(ख) आंध्र और मैसूर सरकारों द्वारा किये गये विकास काय बताने वाला विवरण लोक सभा के पटल पर रखा जाता है। **[देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध संख्या ३]**

†**श्री कृष्णाचार्य जोशी** : क्या विकास कार्य की जांच के लिये कोई विशेष एजेंसी स्थापित की गई है अथवा यह कार्य प्रादेशिक आयुक्तों के सुपुर्द कर दिया गया है?

†**श्री हाथी** : राज्य सरकारें इसकी निगरानी कर रही है और उन्होंने इस कार्य के लिये विशेष संस्थापन नियुक्त कर दिये हैं।

अनाज का देशनांक

†***श्री साधन गुप्त** : आपसे प्रार्थना है कि मंत्री को प्रश्न संख्या १५ के उत्तर देने की अनुमति दी जाये।

†**अध्यक्ष महोदय** : हां।

†***१५. श्री ही० ना० मुकर्जी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय खाद्यान्न कि देशनांक १९३९ और १९४५ की तुलना में कितना है;

(ख) क्या उनका ध्यान इस बात की ओर गया है कि बाजार में, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में आटा कहीं नहीं मिलता है और धान की फसल के मौसम में भी चावल की कीमतें इतनी अधिक बढ़ गई हैं;

(ग) नियमित संभरण में 'उचित मूल्य वाली दूकानों' नें कहां तक योग दिया है; और

(घ) इस स्थिति का सामना करने के लिये क्या उपाय किये गये हैं?

खाद्य उपमंत्री (श्री मो० वें० कृष्णप्पा) : (क) १९३९ को मूल अवधि मानते हुये खाद्य वस्तुओं का देशनांक १९४५ में २४८ और फरवरी, १९५७ में ४०५.८ था।

(ख) कलकत्ता के बाजार में कुछ समय के लिये आटा उपलब्ध नहीं था किन्तु सरकार द्वारा कुछ कार्यवाही की जाने पर इस स्थिति में सुधार हो गया और अब यह स्थिति में पूर्ण संतोषजनक है। पर सच है कि पिछले कुछ महीनों में चावल की कीमत में कुछ वृद्धि हो गई है।

(ग) उचित मूल्य वाली दूकानों से पर्याप्त उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर चीजें मिलने लगी हैं और इस प्रकार खुले बाजार में स्थिति सुधर गई है तथा इतनी अधिक कीमतें बढ़ने से रुक गई हैं।

(घ) सरकार ने निम्न कार्यवाही की है:

(१) सरकार द्वारा आन्तरिक बाजारों में अनाज की खरीद बन्द कर दी गई है।

---

†मूल अंग्रेजी में

(२) अनाज के स्टाक पर बैंकों द्वारा दिये जाने वाले अग्रिम धन की राशि विनियमित और कम कर दी गई है ताकि अनाज के छिपा कर रखे जाने को रोका जा सके।

(३) सरकारी स्टाक से निर्धारित मूल्य पर खाद्यान्न के वितरण के लिये बड़ी संख्या में उचित मूल्य वाली दुकानें खोली गई हैं।

(४) विदेशों से पर्याप्त मात्रा में आयात।

†**श्रीमती रेणु चक्रवर्ती** : क्या यह सच नहीं है कि अनुसूचित बैंकों को धान पर अग्रिम रुपया देने की अनुमति है?

†**श्री मो० वें० कृष्णप्पा** : कुछ नियंत्रण लगाये गये हैं।

†**श्रीमती रेणु चक्रवर्ती** : पश्चिम बंगाल में पिछले दो महीने में धान पर कितनी अग्रिम रकम दी गई है अथवा उस पर कितना सट्टा हुआ है?

†**श्री मो० वें० कृष्णप्पा** : धान तथा अन्य खाद्यान्नों पर अग्रिम राशि में कमी की गई है, व केवल एक निश्चित प्रतिशत ही दे सकते हैं उससे ऊपर नहीं।

†**श्री साधन गुप्त** : कलकत्ता का अभी भी यह अनुभव है कि वहां आटा बेचने वाली दूकानों पर लम्बी लम्बी कतारें रहती हैं। सरकार की इस जानकारी अथवा उत्तर का क्या आधार है कि आटे की स्थिति सुधर गई है।

†**श्री मो० वें० कृष्णप्पा** : यह पुरानी बात है। पिछले महीने ही निर्वाचन के समय देश में इतना अधिक प्रोपैगेंडा किया जा रहा था। कलकत्ता में संभरण सीमित था। हमने इस संभरण को दुगुना कर दिया है। जहां हम प्रति माह तीस हजार टन गेहूं दे रहे थे, हमने उसे दुगुना कर दिया है।

†**श्री साधन गुप्त** : क्या इसका अभिप्राय यह है कि निर्वाचन में प्रोपैगेंडा के फलस्वरूप ही ये लम्बी-लम्बी कतारें हैं?

†**श्रीमती रेणु चक्रवर्ती** : माननीय मंत्री इससे सहमत हैं कि चावल की कीमत में वृद्धि हुई है। किन्तु उन्होंने जो दाम बताये हैं उसके बावजूद भी कीमत नहीं घटी है। विगत वर्ष इस समय जो कीमतें थीं कम से कम वही कीमतें करने के लिये अन्य क्या कार्यवाही की जायेगी?

†**श्री मो० वें० कृष्णप्पा** : सरकार द्वारा की गई कार्यवाही मैं पहले बता चुका हूं। अक्टूबर में खाद्यवस्तु देशनांक ४११ था; नवम्बर में ४१३ था। फिर यह ३९२ हो गया। अब कुछ कीमत बढ़ गई है और हमें आशा है कि वह कम हो जायेगी।

†**श्री बूवराघस्वामी** : माननीय उपमंत्री के उत्तर से उत्पन्न विषय के बारे में मैं यह जानना चाहता हूं कि सरकारी स्टाकिस्टों को सहायता स्वरूप दी गई अधिकतम और न्यूनतम रकम कितनी हैं। इस सहायता के साथ कौन-कौन सी शर्तें जुड़ी हुई हैं?

†**श्री मो० वें० कृष्णप्पा** : अच्छा होता यदि यह प्रश्न वित्त मंत्रालय से पूछा जाता। वे ही इससे सम्बद्ध हैं।

†**श्री क० कु० बसु** : कलकत्ता में कमी के मुख्य कारण क्या हैं? यह असामान्य बात है।

†**श्री मो० वें० कृष्णप्पा** : गेहूं की दृष्टि से सारे वर्ष में पिछले महीने सबसे अधिक कमी थी। अब गेहूं की फसल आ गई है।

---

†मूल अंग्रेजी में

†**श्री साधन गुप्त :** चावल की वर्तमान कीमतों और पिछले वर्ष जून की कीमतों में क्या तुलना है? क्या ये कीमतें पिछले वर्ष के जून के समान ही उच्चतम हैं?

†**श्री मो० वें० कृष्णप्पा :** पिछली बार फसल के समय कीमतें बहुत कम थीं। व्यापारियों को स्टाक देने के पश्चात् कीमतें और बढ़ गईं। अतः कृषकों को हानि रही। इस वर्ष कीमतों की व्यवस्था कुछ इस प्रकार की गई है कि किसानों को हानि नहीं रहेगी। फसल के समय ही कीमते मजबूत हो जाती हैं और कुछ समय बाद भी वे नहीं बढ़ती हैं।

†**श्री साधन गुप्त :** मैं इस वर्ष तथा पिछले वर्ष के जून की कीमत के तुलनात्मक आंकड़े जानना चाहता था।

†**श्री मो० वें० कृष्णप्पा :** माननीय सदस्य की जानकारी के लिये मैं देशनांक देने के लिये तैयार हूं। पिछले वर्ष जून में चावल का देशनांक ५५२ था; अब यह ५६२ है।

†**श्री हेडा :** श्रीमान्, आपसे प्रश्न संख्या १८ की अनुमति की प्रार्थना है।

†**एक माननीय सदस्य :** प्रश्न संख्या २५ भी।

†**अध्यक्ष महोदय :** मैं अन्य किसी प्रश्न की अनुमति नहीं दूंगा। माननीय सदस्य यहां उपस्थित नहीं हैं और न उन्होंने अन्य सदस्यों को प्रश्न पूछने का अधिकार दिया है। मैंने पहले ही पर्याप्त प्रश्न पूछने की अनुमति दे दी है।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

रामगुण्डम--निजामाबाद रेल सम्पर्क

†*१८. **श्री त० ब० विट्ठलराव :** क्या **रेलवे** मंत्री २८ नवम्बर, १९५६ को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या ५६० के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे बोर्ड ने उसके पश्चात् रामगुण्डम-निजामाबाद रेल सम्पर्क के यातायात सर्वेक्षण प्रतिवेदन की जांच पूरी करली है;

(ख) यदि हां, तो कौन-कौन से निर्णय किये गये हैं; और

(ग) इस रेल सम्पर्क का निर्माण कब आरम्भ किया जायेगा?

†**रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) :** (क) यातायात सर्वेक्षण प्रतिवेदन अभी रेलवे बोर्ड के कार्यालय में प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) और (ग) उत्पन्न नहीं होता है।

हालीशहर स्टेशन के पास रेलवे भूमि (पूर्वी रेलवे)

†*२५. **श्री ही० ना० मुकर्जी :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हालीशहर स्टेशन (पूर्वी रेलवे) के समीप रेलवे कुछ भूमि के आसपास दीवार खड़ी करने के परिणाम स्वरूप स्थानीय जनता के उस भूमि में से गुजरने के वर्षों से चले आ रहे अधिकार का उल्लंघन हुआ है;

(ख) क्या यह सच है कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मिलाने वाली कुछ सड़कों के सिलसिले में आवागमन में रुकावट पैदा हो गई है और व्यावहारिक रूप से यह असम्भव हो गया है;

---

†मूल अंग्रेजी में

(ग) क्या स्थानीय संबंधित हितों से अभ्यावेदन प्राप्त हुये हैं ; और

(घ) इस स्थिति में सुधार करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

†**रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : (क) जी नहीं।

(ख) उत्पन्न नहीं होता है।

(ग) जी हां।

(घ) उत्पन्न नहीं होता है।

परिवार नियोजन

†२. **श्री कृष्णाचार्य जोशी** : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि क्या परिवार नियोजन की योजनाओं को गति प्रदान करने के लिये प्रथम पंचवर्षीय योजना में निर्धारित कुल रकम पूरी तरह प्रयुक्त की जा चुकी है ?

†**स्वास्थ्य उपमंत्री (श्रीमती चन्द्रशेखर)** : प्रथम पंचवर्षीय योजना में निर्धारित ६५ लाख रुपये में से योजना अवधि में परिवार नियोजन संबंधी योजनाओं पर २० लाख ४१ हजार रुपये व्यय किये गये थे।

खाद्य स्थिति

†३. **श्री कृष्णाचार्य जोशी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फरवरी, १९५७ में देश की खाद्य स्थिति में सुधार हुआ है ; और

(ख) इस अवधि में आयात किये गये गेहूं और चावल की कुल मात्रा कितनी है ?

†**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री अ० प्र० जैन)** : (क) जी हां।

(ख) गेहूं—१४७.८ हजार टन।

चावल—६२.४ हजार टन।

रेलवे भ्रष्टाचार जांच समिति

†४. **श्री कृष्णाचार्य जोशी** : क्या **रेलवे** मंत्री १० अगस्त, १९५६ को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या ९७१ के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि रेलवे भ्रष्टाचार जांच समिति की शेष सिफारिशों की क्रियान्विति के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

†**रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : शेष तीन सिफारिशें अभी विचाराधीन हैं।

---

†मूल अंग्रेजी में

दैनिक संक्षेपिका

[बुधवार, २० मार्च, १९५७]

		पृष्ठ
प्रश्नों के मौखिक उत्तर		१४–२९
तारांकित प्रश्न संख्या	**विषय**	
११	अन्तर्देशीय जल परिवहन	४
१२	पेरियार और कुन्दा परियोजनायें	१४–१५
१३	नीती दर्रे तक मोटर की सड़क	१५–१६
१४	नागार्जुन सागर परियोजना	१७–१८
१६	चीनी का निर्यात	१८–१९
१७	बुदेमेरु जलाशय	१९–२०
१९	वणिक पोत नाविक स्कूल	२०–२१
२०	बीकानेर से अजमेर के लिये सीधा डिब्बा	२१–२२
२१	औषधि परामर्शदातृ समिति	२२
२२	सोराब शिकारीपुर (मैसूर राज्य) में सामुदायिक परियोजना	२२–२३
२३	नलकूप	२३–२४
२४	द्वितीय पंच वर्षीय योजना	२४
२६	कलकत्ते में रेलवे के रुपयों का गायब होना	२४–२५
२७	डीज़ल इंजनों से रेलें चलाना	२५–२६
२८	सोमशील परियोजना	२६
२९	तुंगभद्रा परियोजना	२६–२७
१५	अनाज का देशनांक	२८–२९
प्रश्नों के लिखित उत्तर		२९–३०
तारांकित प्रश्न संख्या		
१८	रामगुण्डम–निजामाबाद रेल सम्पर्क	२९
२५	हालीशहर स्टेशन के पास रेलवे की भूमि (पूर्वी रेलवे)	२९–३०
अतारांकित प्रश्न संख्या		
२	परिवार नियोजन	३०
३	खाद्य स्थिति	३०
४	रेलवे भ्रष्टाचार जांच समिति	३०